क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर

भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती 14 अप्रैल, 2022

रिपोर्ट

आज दिनाँक 14 अप्रैल, 2022 को संस्थान में डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ० अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ० राम निवास ने डॉ० अम्बेडकर के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाबा साहब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, इसी विरासत के बल पर एक सामाजिक–राजनैतिक सुधारक के रूप में उनके विचारों और कार्यों का प्रभाव स्वतंत्र और आधुनिक भारत पर अत्यन्त गहरे रूप में पड़ा है। वे स्वतंत्र भारत के संविधान शिल्पी एवं देश के प्रथम कानून मंत्री थे। राजनैतिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए सामाजिक और आर्थिक जीवन में समानता वास्तविक रूप में लानी होगी। अम्बेडकर ने राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक और सामाजिक विकास की वकालत की है, जिससे बुनियादी सुविधाओं के रूप में शिक्षा, जन–स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, आवासीय सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

संस्थान के संकाय सदस्यों प्रो० रामबाबू पारीक, डॉ० वेद प्रकाश आर्य, डॉ० राजीव रंजन एवं प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के श्री सरताज सिंह ने बाबा साहब के जीवन पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों खुशी वर्मा, अनन्या, राहुल व शिप्रा यादव ने भी अपने विचार भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर के कार्यो पर प्रस्तुत किए।

संस्थान के प्राचार्य प्रो० एस०वी०शर्मा एवं अधिष्ठाता प्रो० राजेश मिश्र ने बाबा साहब के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने हेतु श्रोताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ० अनिल कुमार नैनावत के कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी की गरिमामयी उपस्थित रही।

कार्यक्रम संयोजक